डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 187 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 20 अप्रैल 2024 | मूल्य 2 रुपया






## टर्न ले रही ट्रक में जा घुसी कार, पंप संचालक की दर्दनाक मौत

**पिपलिया मंडी, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार दोपहर फोरलेन स्थित साबाखेड़ा फन्टे पर एक सड़क हादसे में पिपलिया मंडी में पेट्रोल पंप संचालक की दर्दनाक मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार हादसा दोपहर 12.55 पर हुआ। पिपलिया मंडी निवासी पंप संचालक आनंद पिता शंकरलाल अग्रवाल उम्र 50 साल अपनी कार एमपी 14 सीसी 7353 से मंदसौर जा रहे थे। इस दौरान साबाखेड़ा फन्टे पर ट्रक क्रमांक एमपी 14 एचबी 0180 के ड्राइवर ने अचानक साबाखेड़ा फन्टे पर क्रासिंग करने के लिए टर्न ले लिया। इससे कार ट्रक के बीच में घुस गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर बही टोल प्लाजा पैरा मेडीकल टीम के जुझारसिंह, मांगूसिंह, राहुल ब्रिजवानी तत्काल मौके पहुंचे व घायलावस्था में अग्रवाल को मंदसौर के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया, बाद में मंदसौर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां शाम 5.30 बजे करीब उन्होंने दम तोड दिया। इधर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन मशीन के माध्यम से सड़क से हटाया गया।

# आईपीएल: खाईवालों को पुलिस का अभयदान..!

## नीमच, रतलाम पुलिस कर चुकी कार्रवाई, मंदसौर में इंतजार



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम और नीमच पुलिस आईपीएल के सट्टे पर बड़ी कार्रवाई कर चुकी है। मंदसौर में भी आईपीएल सट्टा जोरों पर चल रहा है। हालांकि मंदसौर पुलिस क्रिकेट के खाईवालों को अभय दान देते नजर आ रही है। अभी तक आईपीएल सीजन में मंदसौर पुलिस ने कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की। जबकि, पिछले साल आईपीएल में कोतवाली सहित कई थानों ने क्रिकेट के सट्टेपर लगाम लगाने में काफी हद तक सफलता प्राप्त की थी। इस कार्रवाई में मंदसौर के खाईवालों के दुबई से लिंक भी सामने आए थे।

आईपीएल पूरे शबाब पर आने के साथ साथ ही जिले भर में आईपीएल पर सट्टा लगाने वालों की बाढ़ सी आ गई है। एक बार फिर जिले भर में खुलेआम आईपीएल पर सट्टा लगाने का कारोबार तेजी पर है। लेकिन, पता नही क्यों इस मामले में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। ऐसे कई अड्डे हैं जहां कई

### [ मंदसौर के सटोरियों का दुबई से लिंक ]

मोबाईल सेट के माध्यम से आईपीएल पर सट्टा लगाया जा रहा है। ऐसे में जिले का युवा वर्ग सट्टेकी गिरफ्त में फंसते जा रहा है। जिस प्रकार मैच के दौरान चौका, छक्का लगाने पर चीयर लीडर्स का उत्साह देखते ही बनता है, ठीक उसी प्रकार इस कारोबार में हर रोज दो-चार मालामाल हो रहे हैं। जबकि, सैकड़ो युवा कर्ज और कंगाली के दलदल में फंसते जा रहे हैं।

### हर बॉल पर सट्टा...

आईपीएल में सट्टे का बोलबाला इस कदर बढ़ा हुआ है कि दोनों टीमों के द्वारा फेकी जाने वाली हर बॉल में लाखों रुपए के सट्टे का दांव लगता है। वहीं चौके-छक्के और विकेट गिरने पर सट्टे का रेट भी ऊपर नीचे होता है। जिस प्रकार जिले में आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने का कारोबार चल रहा है। उसने पुलिस के नाकाम सूचना तंत्र को उजागर कर दिया है।

### बेईमानी के धंधे में ईमानदारी...

बेईमानी के धंधे में जितनी ईमानदारी है उतनी और कहीं नही। यही वजह है कि सट्टे में मिलने वाली और लगने वाली रकम का हिसाब किताब बिना किसी लिखा पढ़ी के इस प्रकार ट्रांसफर कर दी जाती है कि किसी को कानों कान खबर नहीं हो पाती। यह रकम तो कभी कभी लाखों में पहुंच जाती है। लेकिन, उसके बाद भी न तो लेने वाले का न ही देने वाले का ईमान कभी डगमगाता है। हॉ इतना जरूर होता है कि कभी कभार किसी मिस अंडर स्टैंडिंग की वजह से लेन देन में विवाद होता है। लेकिन, उसके लिये भी संचालनकर्ता मोबाइल में बुक कराई गई राशि और रनों की संख्या की रिकार्डिंग आसानी से खिलाड़ी को सुना देते हैं।

### पिछले साल कार्रवाई में मिले थे बड़े लिंक...

पिछले साल शहर कोतवाली पुलिस ने करोड़ो के हिसाब किताब के साथ आईपीएल का सट्टा पकड़ा था। इसमें दुबई से क्रिकेट के सट्टेके लिंक सामने आई थी। मंदसौर का ही कोई व्यक्ति इंटरनेट जनरेट नंबर से इंटरनेट कॉलिंग के माध्यम से स्थानीय लोगों के संपर्क में होने की बात सामने आई थी। वर्तमान में भी इसी तरह से आईडी वितरण का काम किया जा रहा है। एक व्यक्ति के द्वारा बड़े पैमाने पर आईपीएल सट्टा खिलाया जा रहा है। यह भी जानकारी पुलिस को मिली थी कि स्वयं की एक फर्जी वेबसाइट और गेमिंग एप बनाकर काम किया जा रहा है।

# खेत में जलाई नरवाई से गिरा पेड़, बाइक सवार की मौत

## एक बालक भी घायल, आदेश जारी करने तक सीमित प्रशासन





**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** खेतो में पराली अर्थात नरवाई जलाने पर प्रशासन द्वारा कागजो में प्रतिबंध लगाया गया है। हालांकि, किसान अपने लाभ के लिए इस प्रतिबंध को हवा में उड़ाते हुए पराली जलाने का काम बेखौफ होकर कर रहा है। समुचित कार्यवाही के अभाव में एक युवक मौत का शिकार हो गया। इस हादसे में एक नौ साल का बालक भी घायल हो गया।

बता दें कि हर बार की तरह इस बार भी प्रशासन ने नरवाई जलाने को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश निकालकर औपचारिकता पूरी कर ली। इधर जिला मुख्यालय पर ही नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। गांवों की स्थिति इसीं से पता लगाई जा सकती है। जिला मुख्यालय पर खिलचीपुरा रोड पर खेत में नरवाई जलाए जाने एक पेड़ की जड़े भी जलकर कमजोर हो गई। इसी पेड़ के गिरने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं नौ साल का बच्चा घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर में खिचीपुरा निवासी राईस पिता जब्बार अपने घर की और जा रहा था। इसी दौरान पशुपतिनाथ - खिलचीपुरा रोड से गुजरते वक्त एक पेड़ अचानक से उसके ऊपर गिर गया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। युवक को बड़े अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि जहां हादसा हुआ वहां खेत में नरवाई जलाई गई थी। नरवाई की आग से सड़क के किनारे लगे पेड़ भी आग की चपेट में आ गया। इससे पेड़ का तना इतना कमजोर हो गया कि बाइक सवार युवक रईस पर जा गिरा।

हादसे के बाद नगर पालिका के दमकल वाहन की मदद से सडक़ के आसपास लग रही आग को बुझाया गया। स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि शैलेन्द्र गिरी गोस्वामी ने बताया की पराली जलाने से पेड़ में आग लगी। उन्होंने कहा की पूर्णत: प्रतिबंध के बावजूद भी किसान खेतों में पराली जला रहे हैं। ऐसे किसानों पर प्रशासन को कार्रवाई करना करना चाहिए।

### जिला प्रशासन की है भूमि...

जिस खेत में पराली जलाए जाने से हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वह खेत ढाई दिन का झोपड़ा की है। जिसे खेती के लिए लीज पर दिया गया है। इस भूमि के प्रबंधक कलेक्टर ही है। इधर लीजधारक ने ही अपने खेत में पराली जलाने के लिए आग लगवाई थी। इधर कृषि वैज्ञानिको के अनुसार पराली जलाए जाने से भूमि की उर्वरक क्षमता खत्म हो रही है। इसलिए पराली जलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। केवल जुर्माना करने से भूमि का क्षरण नहीं रोका जा सकता है।


### हो सकती है कार्रवाई...

प्रदूषण एक्ट 1981 की धारा 19 (1) के तहत फसल अवशेषों को जलाए जाने पर व्यक्ति, निकाय को पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल को 2 एकड़ से कम भूमि स्वामी, निकाय- 2500 रूपये, 2 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम भूमि स्वामी, निकाय- 5000 रूपये, 5 एकड़ से अधिक भूमि स्वामी, निकाय- 15000 रूपये देय करना पड़ेगा।



## कल से फिर मौसम बिगड़ने की आशंका

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बीते तीन दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री उछाल आया है। वर्तमान में अधिकतम तापमान 39 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। गर्म हवाओं ने आमजन की परेशानी बढ़ाई है। लेकिन, कल अर्थात रविवार से एक बार फिर मौसम बिगड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मौसम के जानकारो के मुताबिक अगले एक-दो दिन तक तेज गर्मी रहेगी। इसके बाद एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। 21-22 अप्रैल को इसका असर दिखाई दे सकता है। इससे प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बारिश की संभावना बन रही हैं। हालांकि जिले में इसका असर नही रहेगा। लेकिन, हल्के बादल छाए रह सकते है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में 1-2 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। 21 से 24 अप्रैल तक इसका असर प्रदेश में रहेगा।



**हरी चादर–** पशुपतिनाथ मंदिर के समीप शिवना में नगर पालिका द्वारा सफाई कर जलकुंभी हटाई गई थी। अब पुन: मंदिर क्षेत्र की शिवना में जलकुंभी पहुंच गई है, जो तेजी से फैल रही है।

# चावल भी गरीब की थाली से दूर

## दाम घटने की बजाय इस बार बढ़ गए, राशन दुकान के सरकारी चावल खाने योग्य नहीं

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नया चावल आने पर हर बार दाम कम होते है। लेकिन, इस बार चावल दस से पद्रह रुपए महंगा हो गया है। पिछले कुछ दिनो में चावल के दाम में दस से पद्रह रुपए प्रति किलोग्राम तक की बढ़ोतरी हो गई है। इस प्रकार एक क्विंटल चावल 1050 रुपए तक महंगे हो गए हैं। इधर सरकार जरुर राशन की दुकान पर चावल गरीबों को दे रही है। लेकिन, हकीकत यह है कि कंट्रोल की दुकान के चावल खाने योग्य ही नहीं है। यहां से चावल निकालने के बाद उन्हें साफ कर उसमें से जीवों (धंधेरिया) को निकालना ही भारी पड़ता है। इसके अलावा चावल की क्वालिटी भी अच्छी नहीं होती है।

महंगाई की मार झेल रहे आम आदमी को एक बार फिर से चावल के दामों ने परेशान कर दिया है। खास बात यह है कि इस बार नई फसल आने के बाद भी चावल के दाम कम नहीं हुए हैं। हर वर्ष नया चावल आने के बाद कीमत में 4 से 5 रुपए की कमी आती थी। लेकिन, इस बार कीमत में उछाल है। व्यापारियों कहना है कि सितंबर-अक्टूबर में चावल की नई फसल आती है, इसके बाद चावल के दाम घटते हैं। फिलहाल बाजार में स्टॉक का पुराना चावल है। पिछले कुछ दिनों में 15 से 20 प्रतिशत तक दाम बढ़े हैं। इस बार स्टॉक का चावल अगर बाजार में ज्यादा बचा होगा तो नई फसल आने तक दाम घट सकते हैं। पुराना चावल स्वादिष्ट होने से लोग ज्यादा पसंद करते हैं। यह अच्छी तरह से पकता भी है।

### अभी और बढ़ेंगे दाम...

व्यापारियो का कहना है कि अभी तो चावल का दाम और बढ़ सकता है। वर्तमान में सादा चावल (टुकड़ी) की कीमत भी 25 से 35 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। अच्छी क्वालिटी के सेला और बासमती चावल के दामों में पद्रह से बीस रुपए प्रति किलो का इजाफा हुआ है।

### निर्यात अधिक व सरप्लस स्टॉक नहीं होने से महंगा...

बाजार में चावल के दाम बढ़ने का कारण निर्यात तो है ही, साथ ही इस साल राइस ट्रेडर्स के पास पिछले साल का ज्यादा सरप्लस स्टॉक नहीं था। इस साल मौसम ने भी धान किसानों का साथ नहीं दिया। जब धान की फसल खेत में थी तो मौसम अचानक से ज्यादा गर्म हो गया। समय पर बारिश भी नहीं हुई। बारिश तब हुई जबकि, धान की फसल लगभग तैयार हो चुकी थी। इससे उत्पादन में करीब पांच से दस फीसदी की गिरावट हुई।

## सड़क दुर्घटना में हुई थी आरक्षक की मौत...

# डोडाचूरा लेकर जा रहे थे वाहन सवार



**शुरू हुआ डोडा तौल**

शुक्रवार से सीपीएस पद्धति से उत्पादित डोडो का तौल का कार्य शुरू हुआ। तौल केन्द्र पर किसान ट्रेक्टर ट्राली में भरकर डोडे लाए।



**नीमच, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिले केभरभरड़िया रोड पर वाहन दुर्घटना मे कुछ दिनों पहले एक आरक्षक की मौत हो गई थी। इसमें टक्कर मारने वाले लावारिस वाहन को भी पुलिस ने जब्त किया था। जांच पड़ताल की गई तो पता चला कि वाहन में डोडाचूरा ले जाया जा रहा था। दुर्घटना के बाद डोडाचूरा रास्ते में छिपा दिया गया। जिसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने जांच केबाद चार आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दो को तलाश रही है।

नीमच सिटी पुलिस को सूचना मिली कि 29 फरवरी की सुबह करीबन 5 बजे आरक्षक राजाराम जाट स्कार्पियो वाहन नंबर एमपी 44 सीबी 0583 लेकर फायरिंग रेंज घसुंडी के लिये निकला था। सुबह 8 बजे राजाराम जो स्कार्पियो लेकर गया था वह क्षतिग्रस्त अवस्था में बालाजी नगर के पास भरभडिया रोड पर पड़ी मिली। पास मे ही एक स्वीफ्ट डिजायर कार नंबर आरजे

### [ पुलिस ने किया चार को गिरफ्तार, दो की तलाश ]

39 सीए 5996 घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त मिली। जिसमें कोई सवार नहीं था। इधर राजाराम को सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। जांच पड़ताल में पता चला कि टक्कर मारने वाले वाहन में डोडाचूरा की तस्करी की जा रही थी। जिसका आरक्षक ने स्कॉर्पियों से पिछा किया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर इस मामले में श्रवण पिता सुरजाराम विश्नोई उम्र 41 साल निवासी ग्राम डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा (वाहन मालिक), राजुराम पिता भंवराराम डारा विश्नोई उम्र 28 साल निवासी ग्राम डोली कला जिला बालोतरा (मुख्य आरोपी), अशोक पिता भागीरथराम विश्नोई निवासी ग्राम डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा (आरोपियों को शरण देने में) रायसिंह पिता श्यामसिंह कछावा निवासी रायसिंहपुरा थाना नीमच सिटी जिला नीमच (मादक पदार्थ उपलब्ध कराने वाला) को गिरफ्तार किया है। इस मामले में शेखर उर्फ सुनील पिता बप्पराम विश्नोई निवासी निवासी ग्राम डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा (मुख्य आरोपी) और रामलाल पिता खगाराम गोदारा निवासी ग्राम डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा (सह आरोपी) की तलाश जारी है।

### छिलका लेने जोधपुर से आए थे...

पुलिस ने बताया कि आरोपी शेखर व राजुराम दोनो आरोपी रामलाल गोदारा के कहने पर जोधपुर से अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा लेने नीमच आये थे। जिनको आरोपी श्रवणराम द्वारा स्विफ्ट डिजायर वाहन आरजे 39 सीए 5996 उपलब्ध कराया गया था। 28 फरवरी को आरोपी शेखर व राजुराम दोनो मादक पदार्थ लेने नीमच आये जिनकी मादक पदार्थ के संबंध में ग्राम रायसिंहपुरा निवासी रायसिंह कछावा से चर्चा हुई व 29 फरवरी 24 को प्रात: लगभग 05 बजे रायसिंह द्वारा दोनो आरोपियों को 54 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा ग्राम भादवामाता के पास से उपलब्ध कराया। आरोपी शेखर व राजुराम दोनो मादक पदार्थ लेकर निकले कि लगभग 05:30 बजे एक स्कार्पियो सफेद रंग की द्वारा पीछा किया गया आरोपियों द्वारा वाहन तेजगति से भगाया तथा महु नीमच हाईवे भरभडिया फण्टे से आरोपियों द्वारा वाहन बाई ओर मोड़ा। आगे आते घटनास्थल स्थित रपट के पास आरोपियों द्वारा पीछा कर रही स्कार्पियो को जानबुझकर ऐसा कट मारा जिससे कि स्कार्पियो अंसतुलित हो जाये। और वही हुआ, स्कार्पियो वाहन अंसुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनो ही आरोपियों ने स्विफ्ट डिजायर में रखे अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा को घटनास्थल से कुछ ही दुरी पर कच्चे रास्ते पर एक पुलिया के नीचे जहां आमजन को दिखाई न दे। ऐसा छिपाकर रख दिया था तथा दोनो ही आरोपी फरार हो गये थे। पुलिस द्वारा घटना का खुलासा करते हुये आरोपियों द्वारा छुपाया गया 54 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा जप्त किया गया है। घटना में शामिल मुख्य आरोपी शेखर व राजुराम, अवैध मादक पदार्थ लेने के लिये भेजने वाले रामलाल गोदारा, वाहन उपलब्ध कराने वाले श्रवणराम, आरोपियों को शरण देने वाले अशोक विश्नोई एवं आरोपियों को मादक पदार्थ डोडाचुरा उपलब्ध कराने वाला रायसिंह कछावा इस प्रकार कुल 06 व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। प्रकरण में धारा 304 भादवि के साथ 8/15, 25, 29, 27-ए एनडीपीएस एक्ट एवं 212, 120-बी, 34 भादवि का ईजाफा किया गया है।

# शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मंदसौर का कार्यकर्ता मिलन समारोह संपन्न



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव को लेकर मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यकर्ता मिलन समारोह अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर की अगुवाई में संपन्न हुआ। चिलचिलाती धूप के बीच शुरू हुए यह कार्यकर्ता सम्मेलन देर शाम तक चलता रहा ,जिसमें कई नेताओं कार्यकर्ताओ पार्टी के पदाधिकारी ने सहभागिता की । वही इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया।

कार्यकर्ताओं ने भी इस अवसर पर अपने सुझाव रखें । शहर ब्लॉक कांग्रेस के 11 मंडलम अध्यक्षगण, सेक्टर अध्यक्षगण,बी एल ओ,जिला एवं ब्लॉक के पदाधिकारीगण,पार्षद, पूर्व पार्षद गण सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। इस अवसर पर मंदसौर नीमच जावरा लोकसभा उम्मीदवार श्री दिलीप गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता अपने कर्तव्यों का पूर्ण ईमानदारी से निर्वहन करें। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि जनता महंगाई से बहुत त्रस्त है , युवा बेरोजगार है फसलों के भाव काम मिलने से किसान हताश है इन लोगों के पास ओंकार्यकर्ताओं, पदाधिकारी को जाकर कांग्रेस की घोषणा पत्र में की गई योजनाओं के बारे में बताएं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व लोकसभा प्रभारी श्री नरेंद्र नाहटा ने कहा कि हमें अपने वोटर पर ध्यान देने की आवश्यकता है, देश में प्रजातंत्र बचाना है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान वातावरण में कार्यकर्ता उत्साह से इस चुनाव में कार्य करें। संकल्प लेकर अपने उम्मीदवार को जितावे,केंद्र सरकार की नाकामियां जनता तक पहुंचाएं। कार्यकर्ता सम्मेलन की शुरुआत अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यकर्ता सम्मेलन को पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पा भारती पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह गुर्जर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख ,जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री डॉ प्रीतिपाल सिंह राणा, रविंद्र सिंह राका ,तरुण खींची, मोहम्मद खलील शेख, नोदराम गुर्जर, अजय लोढ़ा, कमलेश सोनी, सुरेश भाटी, राजेश फरक्या, अनीश खान, हेमंत शर्मा मुस्तफा कपाड़िया, राजेश मंडवारिया , रमेश चंद्र सेठिया, सुनील बसेरा ,सुनील शर्मा ,सतीश पाटील मुर्तजा घड़ियाली, माजिद चौधरी, विश्वास दुबे डीगपाल सिंह भाटी, गोपाल सिंह गुर्जर, सुभाष जैन , कैलाश मनवानी, अनूप जोशी गोविंद सुरा, मंदसौर शहर ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष अंबालाल हिंगोरिया, महिला नेत्रियों में श्रीमती अंजू तिवारी, बबीता सिंह तोमर, रफत पयामी, रूपल संचेती ,इस्टा भाचावत, अनीता भदोरिया, वर्षा सांखला आदि कई नेताओं संगठन के पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं ने भी इस अवसर पर विचार रखें श्र इस कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित होने वालों में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष यूनुस मेव,व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निर्विक रातडिया ,अजा विभाग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संदीप आईटी सेल अध्यक्ष योगेंद्र गौड़,मंडलम अध्यक्षगण में सर्वश्री रमेश बृजवानी राजनारायण लाड, पंकज जोशी, दशरथ सिंह राठौड, शुभम कुमावत, नितेश सती दासानी, विश्वनाथ सोनी वकार खान महिला नेत्रियों में कुसुम विश्वकर्मा, सोनिया जैन, कुमकुम जैन,रीना बसेर साथ ही इस अवसर पर वरिष्ठ नेता विक्रम विद्यार्थी, अजय सिखवाल, राजेंद्र सेठिया, सुनील गुप्ता, शैलेंद्र गोस्वामी, अमीन खान,अभिषेक जैन, रमेश कामराज, मजहर खान, अकरम खान,सादिक गोरी, दीपक बसेर, दिनेश यादव सागर अंसारी, साबिर हुसैन, कमल दरखूनिया, विपिन चपडोत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए । कार्यक्रम का संचालन मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया एवं आभार शहर ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष सलीम खान ने माना।

# नहीं हो रहा शासन के आदेश का पालन अशासकीय विद्यालयों को मिली है लूट की खुली छूट

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला मुख्य आयुक्त भारत स्काउट गाइड जिला मंदसौर अंशुल बैरागी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है जिस प्रकार से उज्जैन में कलेक्टर द्वारा अशासकीय विद्यालयों पर दो-दो लाख का जुर्माना लगाया है ,और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की है वैसे ही कार्रवाई मंदसौर नीमच जिले में भी अपेक्षित है। क्योंकि मंदसौर जिले में भी नामी गिरामी प्राइवेट स्कूल बालकों की जेब पर डाका डाल रहे हैं। किताबें कॉपियां यूनिफॉर्म जूते मुझे मोजे अन्य ड्रेस मटेरियल एवं पाठ्य सामग्री उनके द्वारा निर्धारित दुकान पर से लेने के लिए मजबूर करते हैं और दुकानदारों से लगभग 50 से 80 प्रतिशत तक कमीशन लेते हैं। अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए पालक यह सब अन्याय चुपचाप सहन कर रहे हैं। अगर वह अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं तो उन्हें अपने बच्चों के भविष्य पर खतरा नजर आता है, प्राइवेट स्कूल कोर्स के अलावा ढेर सारी अन्य प्रकाशकों की पुस्तक भी बालकों को लेना पडती है ,जिनकी कीमत बाजार में मात्र 30 या 40रू. हैं वह पालकों को 300 से 400 रू. में मजबूरन खरीदना पड रही है इसमें पुस्तक विक्रेता और स्कूल का कमीशन 80 से 50 प्रतिशत तक होता है ऐसी स्थिति में जब शासन ने अनेक नियम कानून बनाए हैं पर उनका पालन नहीं हो रहा है।



शासन के आदेश के अनुसार बालक को निर्धारित पाठ्यक्रम के अलावा दूसरी पुस्तक खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता पर निर्धारित पुस्तकों के अलावा लगभग रू 4000 से 5000 रू. की प्राथमिक/ माध्यमिक विद्यालय में पुस्तकों का सेट दिया जा रहा है। यही स्थिति यूनिफॉर्म की भी हैं। पिछले दरवाजे से वस्त्र विक्रेता और पुस्तक विक्रेताओं ने प्राइवेट स्कूलों से साथ गांठ कर अपनी मोनोपोली बना रखी है। स्कूलों द्वारा निर्धारित वस्त्र विक्रेता और पुस्तक विक्रेताओं से पालकों से सामग्री खरीदना पड रही है ,यहां तक की जूते मोजे के लिए भी दुकान फिक्स कर रखी है। इसलिए जिस प्रकार से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर उनके गृह जिले उज्जैन में कलेक्टर ने कारवाई की और लगभग 50 नामी गिरामी स्कूलों पर दो-दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया हैं उसी प्रकार मंदसौर नीमच जिले में भी कार्रवाई की मांग की है। जिला मुख्य आयुक्त स्काउट/गाइड ने मांग की है कि संयुक्त संचालक के आदेश के बाद भी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत काकस के कारण अशासकीय स्कूल बेलगाम हो गए हैं, शासन के आदेश का इन प्रशासकीय विद्यालयों को कोई खौफ नहीं है। अशासकीय विद्यालय संयुक्त संचालक के आदेश का पालन नहीं कर रहे और स्काउट /गाइड ,जूनियर रेड क्रॉस के पंजीयन अंशदान की राशि भी कतिपय अशासकीय विद्यालय जमा नहीं कर रहे पर जिला शिक्षा अधिकारी भी उन पर कार्यवाही नहीं करने के लिए मजबूर है। उन्हें भी अशासकीय विद्यालय की कॉकस ने अपने शिकंजे में कस रखा है। कलेक्टर को चाहिए की शिक्षा विभाग की बजाय दूसरे विभाग के अधिकारियों से इसकी निष्पक्ष जांच करवाई और उज्जैन की तरह भी मंदसौर नीमच ज़िले में भी कार्रवाई की जाय।

# आज संगीतमय सुंदरकांड से होगा श्री हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ

## श्री बड़े बालाजी मंदिर परिसर में कथा वाचक हरिओम उपाध्याय उज्जैन के मुखारविंद से होगा सुंदरकांड

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आज 20 अप्रैल से 18 मई तक श्री बड़े बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ आज संगीतमय सुंदरकांड से होगा। मंदिर परिसर में आज शनिवार को प्रात: 11 बजे से उज्जैन के कथा वाचक हरिओम उपाध्याय के मुखारविंद से संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। सुंदरकांड के पश्चात् महाआरती व प्रसादी वितरण होगा।

उक्त जानकारी देते हुए मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि आज 20 अप्रैल शनिवार प्रात: 11 बजे से हरिभक्त मण्डल उज्जैन द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड की प्रस्तुति होगी। साथ ही हनुमान जयंती के दिन 23 अप्रैल मंगलवार को सायं 7 बजे विशाल शाही महाआरती होगी। महाआरती के दौरान मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बुंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्पवर्षा व आतिशबाजी, तोप व नगाड़े और भव्य रंगारंगा आतिशबाजी और जानेमाने ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ 251 दीपक से भगवान बालाजी महाराज की भव्य महाआरती होगी व प्रसाद वितरण होगा। 5 मई, रविवार प्रात: 11 बजे से विशाल शाही महाभण्डारा फतेहपुरिया अग्रवाल धर्मशाला बस स्टेण्ड मंदसौर में होगा जो शाम 4 बजे तक चलेगा। व 18 मई, शनिवार को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। जिसके सूत्रधार राष्ट्रीय कवि मुन्ना बैटरी होंगे। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी आयोजित होगा। समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, विनय दुबेला, विनोद रूनवाल (ज्योतिष गुरू), विष्णु शर्मा, जितेन्द्र व्यास, नरेश चंदवानी, राजाराम तंवर, चौथमल शर्मा, दिनेश जोशी, अनिल सुराह, हेमन्त सुराह, महेंद्रसिंह सिसोदिया, अनूप माहेश्वरी, मुकेश कुमावत, कपिल सौलंकी, सज्ञनलाल खमेसरा, शिवशंकर सोलंकी, रवि ग्वाला आदि ने सभी भक्तों से सुंदरकांड सहित सभी कार्यक्रमों में भाग लेकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



# सतत् परिश्रम, सुनियोजित कार्ययोजना से ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है-प्रो सौलंकी

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्युएसी के अन्तर्गत इतिहास विभाग द्वारा केरिअर मार्गदशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. एल एन शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिये एवं एक रोल मॉडल सामने रखना चाहिये। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता प्रो. राजेन्द्रसिंह सौलंकी, प्राध्यापक, स्वामी विवेकानन्द शा. महा. नीमच, ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सतत् परिश्रम सुनियोजित कार्य योजना से ही लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। प्रतियोगी परीक्षा के युग में मात्र डिग्री से कार्य नही चलता है। विस्तृत और गहन अध्ययन करके ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। आभार डॉ. उषा अग्रवाल ने व्यक्त किया।

# पीजी कालेज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अन्तर्गत महाविद्यालय की रासेयो इकाई एवं रेड रिबन क्लब द्वारा जिला चिकित्सालय मन्दसौर के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 19 अप्रैल 2024 को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. एल. एन, शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन का असली धन है। जिसके लिए निरंतर स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता है। स्वास्थ्य परीक्षणार्थ समागत जिला चिकित्सालय के डॉक्टर्स की टीम का महाविद्यालय में स्वागत है। श्री राकेश शर्मा ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मिशन संचालक एन.एच.एन. के निर्देशानुसार जगह-जगह स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आज शास.स्ना. महावि. मन्दसौर में स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री सुरेश मुवेल ने भी कार्यशाला को सम्बोधित किया। जिला चिकित्सालय से समागत डॉक्टर्स की टीम में डॉ. श्वेता रामावत, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. मीता पाटीदार, डॉ. ब्रज भूषण पटेल एवं डॉ. किन्जल्क पेठिया द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का दंत, नेत्र रोग परीक्षण, बीपी जांच, सामान्य रोग जैसे बुखार, सर्दी, खांसी, पेट दर्द, उल्टी, घबराहट, वायरल रोग आदि का परीक्षण किया एवं नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अर्पित परमार ने किया एवं आभार कार्यक्रम अधिकारी एवं संयोजक रेड रिबन क्लब प्रो. अनिल कुमार आर्य ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. बी.आर. नलवाया, डॉ. उषा अग्रवाल, डॉ. के.आर. सूर्यवंशी, डॉ. राजेश सकवार, डॉ. शांतिलाल ईरवार, प्रो. दशरथ आर्य, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोरा मुवेल, प्रो. रजत जैन एवं प्रो. सोहन यादव समेत एन.एस.एस. इकाई के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव: मणिपुर में फायरिंग में तीन लोग घायल, उत्तराखंड में ईवीएम में तोड़फोड़

**नई दिल्ली, 19 अप्रेल।** लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो रहा है। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। वोटिंग शाम 6 बजे तक चलेगी। इस दौरान देश भर में मतदान केंद्रों पर हिंसा और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग, बंगाल के कूचबिहार हिंसा और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ है। मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग में तीन लोगों के घायल होने की भी सूचना है। वहीं, बंगाल में टीएमसी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट भी हुई है। इसके अलावा उत्तराखंड में मतदाता ने ईवीएम तोड़ी। बता दें कि 2019 में इन 102 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं इस फेज में अधिकतर सीटों पर मुकाबला इन्हीं 3 दलों के बीच है। फर्स्ट फेज में 1,625 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1,491 पुरुष, 134 महिला कैंडिडेट हैं। 8 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी इस बार चुनाव मैदान में हैं। इस फेज के बाद 26 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग होगी। कुल 7 फेज में 543 सीटों पर 1 जून को मतदान खत्म होगा। सभी सीटों के रिजल्ट 4 जून को आएंगे।

# परिवार कुटुम्ब न्यायालय द्वारा भरण-पोषण देने का आदेश

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** परिवार कुटुंब न्यायालय ने अपने एक महत्वपूर्ण निर्णय् मे पत्नी की याचिका पर पति को सात् हजार रुपये भरण पोषण प्रत्येक माह की दस तारीख को अदा करने का आदेश देते हुए तलाक याचिका स्वीकार की।महिला के सामाजिक स्टेटस को ध्यान मे रखते हुए इस समाचार मे नाम नही दिया जा रहा है मगर शोशल मीडिया पर दोस्ती प्रेम संबध व लव मेरेज के परिणाम से समाज जागरत हो इसके लिए यह समचार जरूरी हैं।

प्रकरण इस प्रकार है की मंदसौर निवासी एक बालिका का एक लड़के से शोशल मीडिया पर दोस्ती हुई , प्रेम हुआ ओर फिर दोनो ने विवाह कर लिया, विवाह के बाद जानकारी मे आया की लड़का पहले से शादी सुधा है। ओर उसकी पहली पत्नी भी उसे छोड़ चुकी है. । विवाह के बाद पैसे की मांगनी व अन्य विषयो को लेकर दोनो मे मतभेद घराये, ओर् पारिवाहिक कलह हुआ दोनो अलग अलग हो गया। सभी तथ्यों के साथ लड़की ने अपने अभिभाषक्पुखराज दशोरा के माध्यम से एक विवाह विच्छेद याचिका व भरण पोषण याचिका कुटुंब न्यायालय मे पेश की दोनो पक्षों की दलील सुनने के बाद कुटुंब न्यायालय मे लड़की के पक्ष मे फैसला देते हुए तलाक की याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेशित किया की लड़की जब तक दूसरा विवाह नही कर लेती तब तक भरण पोषण के रूप मे सात हजार रुपये प्रतेक माह की दस तारीख तक पति अदा करेगा। इस रोचक प्रकरण मे पैरवी अभिभाषक पुखराज दशोरा, अनिल दशोरा ने की व असिस्ट पूर्वा साहू एव आदित्य दशोरा ने किया।

# विरासत हमें गर्व का अनुभव कराती है

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आईक्युएसी के अन्तर्गत इतिहास विभाग द्वारा विरासत दिवस का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. एल. एन. शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को विलुप्त होती विरासत को बचाने में अपनी भुमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. उषा अग्रवाल, विभागाध्याक्ष इतिहास विभाग ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से भारत में विरासत की दशा एवं दिशा विषय पर व्याख्यान दिया। आपने बताया कि विरासत वह अतीत है जिसने हमें समृध्द बनाया है जिसे वर्तमान पीढी को सहेजना है और अगली पीढी को सौंपना है। विरासत मानव को आत्म स्वाभिमान और गौरव का अनुभव कराती है। जैसे मुर्तियों और मंदिरो की उत्कृष्टकारीगरी देखते ही हम कह उठते है कि हमारे पुर्वज कितने अच्छे कलाकार थे। जिन्होने कम संसाधनो में कितनी अच्छी कलाकृतियां बनाई, आपने आगे बताया कि विलुप्त होती अमूर्त विरासत जैसे भारतीय जीवनशैली, रहनसहन, खानपान, त्यौहार, नृत्य, संगीत को भी संरक्षित पुष्पित एवं पल्लवित करना चाहिये। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के डॉ राजेश सकवार , डॉ शिवकुमार पाण्डेय, शबनम खान एवं राजेन्द्रसिंह उपस्थित थे। अंत में डॉ. श्वेता चौहान ने आभार व्यक्त किया।

# व्यय लेखा निरीक्षण तीन तिथियों में करवाना अनिवार्य

**नीमच, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग आफीसर लोकसभा निर्वाचन 2024 मंदसौर श्री दिलीप कुमार यादव ने बताया, कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 अनुसार प्रत्येक अभ्यअर्थी के लिये उसके नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख (जिसमें दोनों ही तिथियां सम्मिलित है) तक अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता व्दारा किये गये समस्त व्ययों का पृथक एवं सही लेखा संधारित कराना अनिवार्य है।

उन्होने समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया है, कि निर्धारित तिथियों में कार्यालयीन समय प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक व्यय लेखा शाखा, नवीन कलेक्टर कार्यालय (सुशासन भवन) मंदसौर में अपने दैनिक व्यय लेखा रजिस्टसर निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। दैनिक व्यय लेखा निरीक्षण के लिए प्रथम निरीक्षण 3 मई 2024 को, व्दितीय निरीक्षण 7 मई 2024 एवं तृतीय निरीक्षण 11 मई 2024 को प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक करवाना अनिवार्य है।

## मकान के लिए हैवान बना युवक...

# युवती के मुंह में लाल मिर्च पाउडर भरकर फेवीक्विक से चिपका दिया होंठ

**गुना, 19 अप्रेल।** मध्य प्रदेश के गुना में एक मकान हड़पने के लिए दरिंदगी की हदें पार करने का एक खौफनाक मामला सामने आया है। इस मामले में अयान पठान नामक युवक ने लड़की की पहले जमकर पिटाई की फिर उसकी आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। पठान की दरिंदगी यहीं नहीं रुकी फिर उसने मुंह में लाल मिर्च पाउडर भरकर होंठ फेवीक्विक से चिपका दिए। पीडिता इस समय अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। युवती के पिता का देहान्त हो चुका है। पैतृक मकान है, जिसकी रजिस्ट्री माँ के नाम है। पीडिता ने बताया कि आरोपी अयान उसका पड़ोसी है। अयान पठान की नजर पीडिता के पैतृक निवास पर थी। अयान चाहता था कि युवती उसके मकान की रजिस्ट्री अयान के नाम करा दे। जब युवती ने इसका विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई, आंखों में मिर्ची उड़ेल दी गई। युवती और अयान काफी समय से संपर्क में थे। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सात फेरे के साथ बंधे बंधन में, विवाह सम्मेलन सम्पन्न

**कुकड़ेश्वर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भगवान श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव की पावन नगरी में कुकड़ेश्वर के श्री चंद्रवंशीय क्षत्रिय खाती पटेल समाज द्वारा 18 वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन दिनांक 18 अप्रैल 2024 को रखा गया। इस ऐतिहासिक सामूहिक विवाह सम्मेलन में 27 नव जोड़े समाज के व 2 जोड़े ब्राह्मण समाज के परिणय बन्धन में बंधें। कुकड़ेश्वर सहित क्षेत्रीय समाज बन्धुओ के अपार सहयोग से ऐतिहासिक सामूहिक विवाह सम्मेलन कुकड़ेश्वर में सम्पन्न हुआ है। दिनांक 17 अप्रैल 2024 को मंडप, कलश यात्रा श्री राम मन्दिर से प्रारम्भ होकर सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण पहुंची और पतवारी पूजन व कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए विवाह स्थल पहुंची एंव कलश यात्रा व बिंदोली ऐतिहासिक रूप से निकली। ततपश्चात रात्रि 8 बजे भव्य भजन संध्या विवाह स्थल पर हुई। वही माता तुलसी जी का विवाह भी इस आयोजन में होगा। जो कि राजू उपलावदिया (उपाध्यक्ष) के द्वारा सम्पन हुआ। विवाह मुहूर्त अनुसार 18 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे सभी दूल्हे तोरण पर पहुंचे व मण्डप में दूल्हे दुल्हन ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई। उपस्थित पंडितो द्वारा हिन्दू रीती रिवाज व परम्परा अनुसार मंत्रोचार के साथ नव दम्पतियों को विवाह के बन्धन में बांधने की रस्म सात फेरे दिलवाये। ऐतिहासिक विवाह सम्मेलन में क्षेत्रीय विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने विवाह स्थल पर पहुंचकर वर वधुओ को शुभकामनाये दी। इस ऐतिहासिक आयोजन में खाती पटेल समाज के राष्ट्रीय स्तर के समाज संगठन के पदाधिकारी जिसमे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल सीहोर आष्टा, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र देथलिया सांवेर इंदौर, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा संगठन पवन चौधरी इंदौर, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला संगठन सविता पटेल, विनोद सरपंच कजलाना, खाती समाज नीमच जिलाध्यक्ष सुनील श्रीराम, हरिशंकर पटेल इंदौर आदि समाज संगठन के पदाधिकारी मंचासीन थे। कुकडेश्वर खाती समाज द्वारा सभी का साफा बांध कर पुष्पमाला, भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। अतिथियो ने उपस्थित समाजजन व वर वधुओ को बधाई दी व समाज के इस ऐतिहासिक आयोजन पर शुभकामनाये दी। स्नेह भोज चन्द्रवंशीय खाती पटेल समाज धर्मशाला में रखा गया था। सामूहिक विवाह सम्मेलन में मार्गदर्शक समिति में 11 सदस्य, सम्मेलन समिति में 8 पदाधिकारी व 23 सदस्य शामिल थे। वंही श्री चंद्रवंशीय क्षत्रिय खाती समाज कुकडेश्वर की कार्यकारिणी में 20 सदस्य शामिल है। 18 वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन के आयोजनकर्ताओ ने व सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष नरेंद्र सगवालिया (तेजावाले) व कुकड़ेश्वर समाज अध्यक्ष नन्दलाल मालवीय ने संयुक्त रूप से आयोजन में पधारे अतिथितगणो का, समाज बन्धुओ, नगरवासियो, पुलिस प्रशासन, नगर परिषद व स्वास्थ्य विभाग का इस आयोजन में सहयोग करने पर धन्यवाद आभार प्रेषित किया है। वंही समाज के वरिष्ठजन, मातृ शक्ति व युवा साथियो व समाजजन द्वारा किये गए इस आयोजन में सहयोग पर भी सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए शांति पूर्ण मनाया गया।

# विद्यार्थियों के सम्मान में अभाविप उतरी मैदान में

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई मनासा द्वारा सी एम राइज स्कूल मनासा में बचो के एड्मिशन प्रक्रिया में चल रही मनमानी के विरोध में मैदान में उतरना पड़ा। जैसे ही आज सूचना मिली की दो बालिका ओर उनके पिताजी पवन शर्मा मनासा के मुख्य चौराहा कारगिल चौराहा पर अपनी मांग लेकर हाथों में तख्तियां लिए खडे हैं। बच्चों के पालक का कहना है कि मेरी दोनों ही बालिकाओं को सी एम राइस स्कूल में एडमिशन नही किया जा रहा, इस कारण मेने सी एम हेल्पलाइन पर शिकायत भी की प्रवेश हेतु जब में प्राचार्य बी एल बसेर के पास गया तो मुझ से अभद्रता से बात की और बोला गया कि जा तेरी दोनों बालिकाओं का मैं एडमिशन नहीं कर रहा। कहि भी सुनवाई न होने पर पीडित पालक द्वारा बच्चों के साथ नगर के प्रमुख चौराहे पर प्रवेश को ले कर हाथ मे तख्ती लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। उनकी आंख के आँसू ओर पढ़ाई के लिए जज्बा था। उक्त विषय को लेकर विद्यार्थी परिषद ने अधिकारियों एवम स्कूल प्रशासन से बात कर के दोनों ही बालिकाओं का प्रवेश उसी समय करवाया। साथ सी एम राइज स्कूल मनासा में चल रही अनियमितताओ को लेकर प्रभारी प्राचार्य रोहित जी मांदले से बात की गई एवं आश्वासन लिया की की किसी भी प्रकार की अनियमितता और अभद्रता ना तो छात्रों के साथ की जाएगी और ना ही उनके माता-पिताओं के साथ की जावेगी। ज्ञात रहे कि सी एम राइज स्कूल के प्राचार्य बी एल बसेर का कार्यकाल की अनियमितताओं ओर तुगलकी फरमानों वाला रहा है। कभी प्राचार्य स्कूल में अंग्रेजी माध्यम में पढाई बन्द कर देते है, प्रवेश प्रक्रिया मनमाने ढंग से चलाते है, कभी अभिभावकों एवम स्टाफ के सदस्यों से उनका व्यवहार तानाशाही वाला रहता है। जिससे कि विद्यार्थियों को भी गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा का मध्यप्रदेश शासन का उद्देश्य खटाई में पड़ता दिख रहा है। विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी है कि शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड को बर्दाश्त नही करेगी, लगातार व्यवस्था को ठीक करने का प्रयास करेगी।

# बनो देश के भाग्य विधाता-जागो प्यारे मतदाता

## कलेक्टर एवं एसपी ने मतदाता जागरूकता रैली का शुभारम्भ किया, मतदाताओं को मतदान करने का न्यौता

**नीमच, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत रोटरी क्ल ब 3040 की गवर्नर ऋतु ग्रोवर के नेतृत्व में रोटरी क्ल ब इंदौर द्वारा इंदौर से नाथद्वारा तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसी के तहत दोपहर को रैली प्रायवेट बस स्टेण्ड नीमच पर पहुचीं। जहां जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया।

कलेक्टर एवं एसपी ने खुले वाहन में बैठकर मतदाता जागरूकता के निमंत्रण बाटे। जागरूकता रैली में दूसरे वाहन में रोटरी क्लब 3040 की गवर्नर एवं रोटरी क्लब नीमच के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। रैली में एसडीएम



डॉ ममता खेडे, तहसीलदार श्री संजय मालवीय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए नाथद्वारा के लिए प्रस्थानन कर गई। यह वाहन रैली नीमच बस स्टैंड से प्रारंभ होकर फवारा चौक, विजय टॉकीज, चौकन्ना बालाजी, रेलवे स्टेशन, सीआरपीएफ चौराहा, लायंस पार्क, एलआईसी चौराहा, मेसी शोरूम, विश्राम गृह होते हुए कलेक्टर कार्यालय नीमच पर पहुच कर सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने रैली के दौरान जगह-जगह उपस्थित मतदाताओं को जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदान दिवस 13 मई 2024 को अपने बूथ पर जाकर मतदान करने का न्यौता भी दिया। कलेक्टर दिनेश जैन ने कहा, कि शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहता है, शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए और लोगों को जागरूक कर, बूथ पर जाकर, मतदान करने के लिए विभिन्नन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत यह विशाल वाहन रैली आयोजित की गई है। इस रैली में सभी प्रकार के वाहन शामिल है, जो शहर में लगभग 10 किलोमीटर का सफर तयकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे है और आगामी 13 मई 2024 को अधिकाधिक मतदान करने के लिए आमजनों को प्रेरित कर रहे है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 30 | 2180 | 2321 |
| उडद | 1 | 6351 | 6351 |
| सोयाबीन | 2138 | 4102 | 4780 |
| गैहु | 10000 | 2185 | 3105 |
| चना | 765 | 4752 | 5999 |
| मसुर | 141 | 5000 | 5971 |
| धनिया | 122 | 5751 | 6501 |
| लहसुन | 15000 | 6000 | 24000 |
| मैथी | 1402 | 4701 | 5891 |
| अलसी | 1520 | 4800 | 5340 |
| सरसो | 420 | 4401 | 4990 |
| तारामीरा | 1 | 4301 | 4301 |
| इसबगोल | 122 | 9100 | 13301 |
| प्याज | 721 | 672 | 1490 |
| कलोंजी | 16 | 14800 | 18080 |
| डॉलर | 67 | 8400 | 10560 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 21 | 4781 | 4781 |
| असालीया | 84 | 8640 | 9292 |



# आज भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के नामांकन पत्र निर्देशन में मुख्यमंत्री होंगे सम्मिलित-अटोलिया

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आज भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के नाम निर्देशन पत्र दाखिले के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव लोकसभा , लोक सभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी महेन्द्रसिंह, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा संभागीय संगठन प्रभारी जीतू जिराती, लोकसभा चुनाव प्रभारी बजरंग पुरोहित एंव लोकसभा चुनाव संयोजक देवीलाल धाकड़, नीमच भाजपा जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, रतलाम भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, संसदीय क्षेत्र के विधायकगण ओमप्रकाश सखलेचा, हरदीपसिंह डंग, दिलीपसिंह परिहार, राजेन्द्र पांडे, चन्दरसिंह सिसौदिया, माधव मारू, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया सहित संसदीय क्षेत्र के समस्त भाजपा एवं मोर्चे ,प्रकोष्ठें के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, पार्टी के पदाधिकारीगण , कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया की मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के मंदसौर नगर प्रथम आगमन पर जिला भाजपा के नेतृत्व में आयोजित आमसभा एंव रोड शो में संसदीय क्षेत्र से पधारे कार्यकर्ता एंव मंदसौर नगर के प्रबुद्धजन, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संस्थाओं, व्यायाम शालाओं, पार्टी के मंडल एंव मोर्चा, प्रकोष्ठकार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया जायेगा।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव दोपहर 02 बजे हवाई मार्ग से मंदसौर कलेक्ट्रेट भवन पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के नाम निर्देशन अवसर पर उपस्थित रहेगें। तत्पश्चात कलेक्टर भवन से सभा स्थल गांधी चौराहे पर 02:30 बजे पंहुचेगें। जहां आम सभा होगी। आम सभा पश्चात गांधी चौराहा से मुख्यमंत्री का रोड शो प्रारंभ होगा। जो गांधी चौराहा से बस स्टैंड मार्ग, घंटाघर मार्ग, सदर बाज़ार मार्ग, प्रतापगढ़ पुलिया, वीर सावरकर ब्रिज, राजागुलाब गेट होता हुआ भगवान पशुपतिनाथ मंदिर द्वार पर पंहुचेगा।

## ✻ अंतिम यात्रा ✻

अत्यंत दुख के साथ सूचित करने में आता है कि मेरे सुपुत्र एवं स्वर्गीय नरेंद्र कुमार जी एवम स्वर्गीय कमल कुमार जी के भतीजे तथा अनिल सुनील राजेश के अनुज एवं रोशन के जेष्ठ भ्राता वह अनुभव तथा आर्यन के पिता श्री तथा कार्तिक अभिषेक आदित्य के चाचा एवं हर्ष तन्मय के ताऊजी तथा विहान के दादाजी श्री आनंद अग्रवाल का आकस्मिक स्वर्गवास आज दिनांक 19/4/2024 को हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास पिपलिया मंडी से कल दिनांक 20/4/24 को प्रात: 11:00 बजे निकलेगी।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻

**शंकर लाल अग्रवाल, नरेंद्र कुमार अग्रवाल एंड ब्रदर्स, कोठारी ऑटोमोबाइल्स**

## ✻संयुक्त उठावना✻

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करने में आता है कि स्व. श्री ताराचंदजी बंसल (मामाजी) की पुत्रवधु एवं राजेंद्र बंसल की बहु और श्री संतोष बंसल की धर्मपत्नी व श्री मल्लू , प्रकाश, दिनेश की भाभी एवं दीपक, अनुज की पूज्य माताजी तथा अर्पित, अंकित की चाची एवं इलू, अविनाश, , शोभित , मोहित, टक्कू की ताईजी एवं नक्श, गोल्डी, तनिष की दादी श्रीमती मंजू बंसल का आकस्मिक नि:धन गुरुवार 18/04/2024 को हो गया है। जिसका संयुक्त उठावना शनिवार दिनांक 20/04/2024 को सांय 04 बजे✻ निज निवास स्थान (अग्रवाल मोहल्ला), पिपलियामंडी पर रखा गया है।



**फर्म :-✻ताराचंद एंड संस, ✻शिवम ट्रेडर्स,✻मूलचंद ताराचंद एंड संस, ✻राज मेडिकल स्टोर्स**

**पीहर पक्ष :-✻प्रहलाद राय सूरजमल अग्रवाल, (रठाजना वाले) निंबाहेड़ा राज.**

## मकान का ताला तोड़ नकदी व जेवर चोरी

**पिपलियामंडी, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सूने मकान का ताला तोड़कर चोर नकदी, जेवर ले उडे, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। नारायणगढ माली गली निवासी सुरेश पिता देवीलाल झांझोट ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पोते जियांशु की मन्नत कार्यक्रम में सुलीयाकला (भीलवाड़ा) गए थे। इसी दौरान चोर घर का ताला तोड़ अलमारी में रखे 17 हजार रुपए नकदी, पुराने पायजेब, 2 चांदी के सिक्के व आवश्यक दस्तावेज भी चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया।

## काम पर नही गया तो पीटा

**पिपलियामंडी, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। काचरिया चन्द्रावत निवासी पुष्कर बावरी ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा भाई कमल पिता बाबूलाल बावरी घर पर था, इसी दौरान गांव का वरदीचंद उर्फ निवास बावरी आया और बोला काम पर चलो, मेरे भाई ने बहन की शादी होने से जाने से इंकार कर दिया तो वरदीचंद ने गाली-गलौज की व मारपीट कर लकडी की सिर पर मार दी, जिससे खून बहने लगा। पुलिस ने वरदीचंद के खिलाफ केस दर्ज किया।

# व्यय नोडल अधिकारियों की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन मंदसौर क्रमांक 23 के लिए नियुक्त हुए प्रेक्षक श्री एसएस दास द्वारा सुशासन भवन सभागृह में निर्वाचन से जुडे सभी व्यय नोडल अधिकारियों एवं व्यय से जुडे नोडल अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उन्होंने व्यय लेखा से जुडे सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी दल हमेशा सतर्क रहे तथा समन्वय के साथ में काम करें। एसएसटी दल हमेशा सक्रिय रहे। हमेशा गहन निगरानी करती रहे, सीजर से जुडे हुए विभाग सीजर की कार्यवाहियां लगातार करें। अफीम एवं आबकारी विभाग विशेष तौर पर अलर्ट रहे तथा कार्यवाहिया लगातार करें। आबकारी विभाग वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू रखें तथा स्टॉक का समय-समय पर निरीक्षण भी करें। इसके साथ ही सभी दल आपस में सूचनाओं का आदान-प्रदान समय-समय पर करते रहे। सभी दलों को घटनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी होनी चाहिए बैंक ट्रांजैक्शन से संबंधित रिपोर्ट शाम तक अनिवार्य रूप से भेजें। सस्पेक्टेड ट्रांजैक्शन पर विशेष तौर पर निगरानी रखें। सभी सहायक व्यय प्रेक्षक व्यय लेखा का संधारण बहुत अच्छे से करें। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी श्री चौहान, अपर कलेक्टर श्रीमती जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री परमार, व्यय लेखा के नोडल, सहायक नोडल मौजूद थे।



# 'राजधर्म' विषय पर आज आचार्य श्री रामानुज देंगे प्रवचन

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में नगर में पहली बार 'राजधर्म' विषय पर प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है, प्रसिद्ध कथाकार आचार्य श्री रामानुज इस महत्वपूर्ण और प्रासंगिक विषय पर प्रवचन देंगे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने राजधर्म का जो आदर्श प्रस्तुत किया है वह इसी भावना से ओत प्रोत है कि राजा का कर्तव्य केवल सत्ता या राज व्यवस्था का संचालन ही नहीं वरन राजधर्म का पालन करना भी सर्वोपरि होता है। वर्तमान समय में राजधर्म के पालन की प्रासंगिकता कई मायनों में महत्वपूर्ण है।



पांच दिवसीय भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में आज 20 अप्रैल शनिवार को रात्रि ठीक 8:00 बजे से 9:15 बजे तक इस विषय पर आचार्य श्री के प्रवचन होंगे श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी ने बताया है कि मंदिर के सत्संग हाल की क्षमता को देखते हुए श्रोताओं के लिए प्रवेश पत्र की व्यवस्था निश्चित की गई है जो मंदिर कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने नगर के सुबुद्ध नागरिकों से राजधर्म विषय पर नगर में पहली बार हो रहे आध्यात्मिक प्रवचन का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## पोस्टल बैलेट के संबंध में अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत पोस्टल बैलेट से मतदान करने के संबंध में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा कहा गया की पोस्टल बैलेट के संबंध में अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। अगर किसी को किसी प्रकार की समस्या हो या कुछ समझ में ना आया हो तो अच्छे से पूछे। एक एक डाउट को अच्छे से क्लियर करें। फॉर्म 12ए, बी, सी, डी अच्छे से भरे। उसका अच्छे से अध्ययन करें। इसके साथ ही पोस्टल बैलेट के संबंध में जितनी भी जानकारियां उनको अच्छे से अध्ययन करें। फॉर्म पूर्ण रूप से भरे। इसके साथ ही फार्म भरने के बाद तीन बार उसको चेक भी करें। ईडीसी की सील उचित स्थान पर ही लगे। प्रशिक्षण डॉक्टर जेके जैन द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रविंद्र परमार सहित पोस्टल बैलट के लिए नियुक्त कर्मचारी मौजूद थे।

## मतदान दिवस के दिन थोड़ा सा समय निकालकर मतदान अवश्य करें-कलेक्टर

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सीतामऊ जनपद की ग्राम पंचायत गाडरिया में चुनावी चौपाल आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। चुनावी चौपाल के दौरान कलेक्टर ने सभी जागरूक मतदाताओं से कहा कि 13 मई मतदान दिवस के दिन थोड़ा सा समय निकालकर मतदान अवश्य करें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। अपील करते हुए उन्होंने सभी मतदाताओं से मेरा वोट, मेरा अधिकार, मेरी सरकार की शपथ दिलाई। चुनावी चौपाल के दौरान गीतों के माध्यम से, कविताओं के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान ऐसे युवा मतदाता जो पहली बार मतदान करेंगे। उनका कलेक्टर ने स्वागत किया। साथ ही 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं का भी कलेक्टर ने पुष्पमाला से स्वागत किया।

## खिलचीपुरा पेड़ हादसे में घायल 9 वर्षीय बालक के इलाज का पूरा खर्चा विधायक उठाएंगे

**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर के खिलचिपुरा में दिल दहला देने वाले हादसे में एक युवा मौत के मुंह में समा गया और एक 9 साल का बालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। किसी ने अपने खेत में आग लगाई और इस आग से एक मासूम का परिवार बिखर गया। खेत की आग से पेड़ की जड़ें जल गई जिससे था बड़ा हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही मन्दसौर विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन जैन,शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख तत्काल पहले जिला चिकित्सालय पहुंचे जहां दर्दनाक हादसे मृत युवा के परिजनों से मिले तथा हादसे में घायल 9 साल के बालक से एवं उसके परिजनों से भी मिले। विधायक श्री जैन ने बालक के पूरे इलाज का खर्चा उठाने की बात की है और डॉक्टरों से बात कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं अधिकारियों से बात कर मामले में कार्यवाही करने को कहा है।



## अवैध शराब के साथ 2 को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपियों को पकड़ा। पिपलियामंडी पुलिस ने 300 क्वार्टर देशी शराब के साथ बोतलगंज निवासी मोईनुद्दीन पिता अजीज नियारगर को, मल्हारगढ़ पुलिस ने 48 क्वार्टर के साथ पिपलियामंडी गुर्जर मोहल्ला निवासी लाला उर्फ पंकज गुर्जर को पकड़ा। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

# व्यय प्रेक्षक दास ने मल्हारगढ़ कंट्रोल रूम व एसएसटी चेंक प्वाइंट का किया निरीक्षण



**मंदसौर, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री एसएस दास द्वारा मल्हारगढ कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा कंट्रोल रूम संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन संबंधी सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन हो। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होनें कहा कि कार्यालय के सभी कर्मियों के लिए चुनावी समय एक परीक्षा की घडी है। इस दौरान सभी सतर्क रहें। आम नागरिक शिकायत करता हैं तो संबंधितों के नाम गोपनीय रखें जाये। व्यय प्रेक्षक ने मल्हारगढ़ स्थित चेक प्वाइंट पर नियुक्त एसएसटी टीम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीम किस तरह से कार्य कर रही है। अब तक क्या कार्यवाही की। सभी का अवलोकन किया। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि चेक पॉइंट पर सघन निगरानी की जाए। जांच के दौरान रिकॉर्डिंग की व्यवस्था हो। एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

## ✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

**मैं अनिल कुमार नकुम पिता डाडमचंद जी निवासी 79 चौधरी कॉलोनी मंदसौर मैने अपने सभी दस्तावेज में अनिल कुमार नकुम पिता डाडमचंद नकुम निवासी 82 चौधरी कॉलोनी मंदसौर करवा लिया है मेरे सारे व्यवहार आगे से इसी नाम से किए जावे।**

**अनिल कुमार नकुम पिता डाडमचंद नकुम**

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

**क्रमांक** **मंदसौर, दिनांक**

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 44 एबी 4666 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में गणेशराम पाटीदार पिता रामचंद्रजी निवासी एलची, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती रामसूरनाबाई पति गणेशरामजी, निवासी एलची, तहसील दलौदा, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

## स्लोगन एवं लघु नाटिकाओं द्वारा कर रहे जागरूक



**नगरी, 19 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए मतदाताओं को अपने मतदान के अधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उक्त बात मतदान जागरूक के लिए नगर में चलायें जा रहे जनअभियान के तहत शाउमावि प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रिता शर्मा ने स्कूल के शिक्षकों के साथ स्थानीय शिव चौराह पर नुक्कड सभा के दौरान उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कही। वरिष्ठ शिक्षक यशवंत धाकड़ ने लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान स्लोगन एवं लघु नाटिकाओं के द्वारा मतदान के लिए नागरिकों को जागरूक किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य रिता शर्मा,यशवंत धाकड़, भंवरलाल सागित्रा, गोपाल धाकड़, शंकर सिंह चौहान, कमलेश धाकड़ ,अनिल सुथार, मोहनलाल डोहरा, रीलीफ पछोलिया,मनोरमा साधु, प्रेमचंद मालवीय, दौलतराम ठन्ना, कारूलाल साहू, गोवर्धन धाकड, प्रयागी सिसोदिया, कविता शर्मा उपस्थित रहें।

## भारत ने फिलीपींस को सौंपी ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप

**नागपुर, 19 अप्रैल।** भारत ने फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप दे दी है। 37 करोड़ 50 लाख डॉलर के इस सौदे से चीन के खिलाफ फिलीपींस की स्थिति मजबूत होगी। आपको बता दें कि फिलीपींस और चीन का तनाव काफी बढ़ गया है। दक्षिण चीन सागर में चीन अपनी दादागिरी से फिलीपींस के लिए परेशानी बन गया है।

फार्मेट सी-7

अभ्यर्थी के रूप में चयनित किए गए लंबित आपराधिक मामलों वाले व्यक्तियों से संबंधित सूचना और ऐसे चयन के कारण तथा बिना आपराधिक पूर्ववृत्त वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नहीं चुना गया, से संबंधित विवरण

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में वर्ष 2018 की अवमानना याचिका (सिविल) सं. 2192 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 13.02.2020 के आदेश के अनुसरण में जारी आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी
निर्वाचन का नाम : 23 लोकसभा मंदसौर
राज्य/सं. रा. द क्षेत्र का नाम : मध्यप्रदेश

(1) निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 23-मंदसौर लोकसभा
अभ्यर्थी का नाम : श्री सुधीर गुप्ता

| क्र. सं. | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | आपराधिक पूर्ववृत्त | | |
| | क. | अपराधों की प्रकृति | असंज्ञेय |
| | ख. | मामला संख्या | 01/2024 |
| | ग. | न्यायालय का नाम | एम पी एम एल एल कोर्ट इंदौर |
| | घ. | क्या आरोप विरचित कर दिये गये है या नहीं (हां/नहीं) | नहीं |
| | ङ. | दोषसिद्धी की तिथि, यदि कोई हो | लागू नहीं |
| | च. | भुगती गई सजा का विवरण, यदि कोई हो | लागू नहीं |
| 02. | अभ्यर्थी के चयन का कारण। चयन, अभ्यर्थी की योग्यता, उपलब्धि और उसकी मेरिट को देखते हुये किया जायेगा न कि सिर्फ मतदान में 'विजय प्राप्त करने की क्षमता'। (100 शब्द से अधिक न हो) | | जनता में अपनी कार्यशैली के लिये लोकप्रिय, जनता के सुख दुख में उनके साथ खड़े होने की प्रतिबद्धता एवं बेदाग छवि होने के कारण इनका पार्टी द्वारा उम्मीदवार के रूप में चयन किया गया है। |
| 03. | यह कारण बतायें की बिना आपराधिक पूर्ववृत्त वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नहीं चुना गया। (100 शब्द से अधिक न हो) | | शासन की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु एक भरोसेमंद राजनितिज्ञ, जिन्होंने सांसद रहते हुए कई विकास कार्य किए जिनमें से कई योजनाएं वर्तमान में भी प्रगतिशील हैं। क्षेत्रीय जनमानस एवं कार्यकर्ताओं के बीच कुशल नेतृत्व होने की वजह से पार्टी द्वारा इन्हें उम्मीदवार घोषित किया गया है। |

(भगवानदास सबनानी)
विधायक एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी,
भारतीय जनता पार्टी, मध्यप्रदेश

## कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट

गोल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर
मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 18.04.2024

### ✻✻✻जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दशरथ पिता लक्ष्मीनारायणजी जाति सुतार निवासी ग्राम रावटी तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान जो वार्ड क्रमांक 01 ग्राम रावटी तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर में स्थित है। उक्त मकान का सहस्वामी विधिवत रजिस्टर्ड सहस्वामित्व लेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 249412020ए 1893973 दिनांक 29.12.2020 से अपनी पत्नी श्रीमती कविता पति दशरथ जाति सुतार, निवासी ग्राम बैलारा तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर को बनाया है। उक्त भूखण्ड की चर्तु:सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

पूर्व में -नाथुलालजी गायरी का मकान, पश्चिम में-मंगलेशजी पटवारी का मकान, उत्तर में-लक्ष्मीनारायणजी सुथार का मकान, दक्षिण में-आम रास्ता। पैमाईश- पूर्व से पश्चिम 25 फीट, उत्तर से दक्षिण 40 फीट, कुल क्षेत्रफल - 1000 वर्गफीट या 92.93 वर्गमीटर है।

उक्त संपत्ति पर श्री दशरथ पिता लक्ष्मीनारायणजी जाति सुतार निवासी ग्राम रावटी तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय
दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक M.I.380 श्रीमती रुपाली जैन पति स्व. श्री रूपल जैन को मंडल आदेश क्रमांक 156 दिनांक 25.01.2024 द्वारा नामांतरित किया गया था। श्रीमती रुपाली जैन पति स्व. श्री रूपल जैन द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती मनीषा पाटीदार पति श्री माधव पाटीदार को कर विक्रय पत्र दिनांक 31.01.2024 को पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामान्तरण श्रीमती मनीषा पाटीदार पति श्री माधव पाटीदार अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक M.I.380 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती मनीषा पाटीदार पति श्री माधव पाटीदार के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG JR-75 श्री गोपाल पाटीदार पिता श्री रामचन्द्र पाटीदार एवं श्रीमती सुशीला पाटीदार पति श्री गोपाल पाटीदार को मण्डल आदेश क्रमांक 248 दिनांक 09.11.2009 द्वारा संयुक्त रूप से नामांतरित किया गया था। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 04.08.2022 को पंजीबद्ध किया गया था। श्री गोपाल पाटीदार पिता श्री रामचन्द्र पाटीदार एवं श्रीमती सुशीला पाटीदार पति श्री गोपाल पाटीदार द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री नपाराम देवासी पिता श्री जुजाराम देवासी को कर विक्रय पत्र दिनांक 22.11.2023 को पंजीयन निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्री नपाराम देवासी पिता श्री जुजाराम देवासी उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते हैं।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/ उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामान्तरण श्री नपाराम देवासी पिता श्री जुजाराम देवासी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण -सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी संजीत मार्ग मंदसौर स्थित भवन क्रमांक EWS.B-101 श्री विष्णु आपटे पिता श्री दत्तात्रेय आपटे को मण्डल आदेश क्रमांक 4431 दिनांक 16.12.2022 द्वारा नामांतरीत किया गया था। भवन का लीज नवीनीकरण दिनांक 22.02.2023 को पंजीबद्ध किया गया था।

श्री विष्णु आपटे पिता श्री दत्तात्रेय आपटे द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती लाजवंती लालवानी पति श्री जमनालाल लालवानी को कर विक्रय पत्र दिनांक 17.03.2023 को पंजीयन निष्पादित करवा दिया था। इसके पश्चात दिनांक 20.03.2023 को श्री विष्णु आपटे पिता श्री दत्तात्रेय आपटे का स्वर्गवास हो जाने से इनके एकमात्र पुत्र श्री विनायक आपटे पिता स्व. श्री विष्णु आपटे एवं दो पुत्रियों श्रीमती रत्ना साकरे पति श्री योगेश साकरे एवं श्रीमती दीप्ती जोशी पति श्री विजय जोशी की सहमति एवं विक्रय पत्र व प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती लाजवंती लालवानी पति श्री जमनालाल लालवानी अपने नाम से करवाना चाहती है।

अत इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनाक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक EWS B 101 संजीत मार्ग मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती लाजवती लालवानी पति श्री जमनालाल लालवानी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नहीं होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास
मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in